दिनांकः 15.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राष्ट्र आज 78वां स्वाधीनता दिवस हर्षोल्लास के साथ मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर पर झंडा रोहण किया और राष्ट्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि आज वो शुभ घडी है कि हम देश की आजादी के लिए प्राणों को त्या ग करने वालों और आजीवन संघर्ष करने वालों को स्मरण करें। प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक आपदा के कारण जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना जताते हुए कहा कि देश उनके परिजनों के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के लिए मरने की प्रतिबद्धता देश को आजादी दिला सकती है तो देश के लिए जीने की प्रतिबद्धता देश को समृद्ध बना सकती है। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने विकसित भारत 2047 के लिए अनगिनत सुझाव दिए हैं। इसमें हर देशवासी का संकल्प झलकता है। श्री मोदी ने कहा कि देश के 140 करोड नागरिक कंधे से कंधे मिलाकर एक संकल्प लेकर चलें तो हर चुनौती को पार कर देश को 2047 तक विकसित बना सकते हैं। प्रधानमंत्री ने भारत की जल, थल और नभ में बढती शक्ति का जिक्र करते हुए कहा कि सुविचारित प्रयास, सुधारों, राजनीतिक नेतृत्व की संकल्प शक्ति, सरकारी मशीनरी के संकल्प और जन भागीदारी से वांछित परिणाम अवश्य मिलते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार बडे सुधारों के लिए प्रतिबद्ध है।

श्री मोदी ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि प्रति व्यक्ति आय दोगुनी करने में सफल रही है। विदेशी मुद्रा भंडार पहले से दोगुना हुआ है। प्रधानमंत्री ने देश की जनता को आश्वासन दिया कि वे तीसरे टर्म में तीन गुना तेज गति से काम करेंगे, जिससे देश के सपने जल्द से जल्द पूरे हो सकें।

....

स्वाधीनता दिवस का राज्य स्तरीय मुख्य समारोह जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया। जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्र ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया।

....

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाने हुए कहा कि प्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है।

....

इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट और सराहनीय सेवाएं देने वाली हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री ने राज्य की दो महिला पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों की प्रस्तुतियों के साथ देशभक्ति गीतों पर स्वर लहरियां बिखेरी गईं।

आजादी की सालगिरह का जश्न प्रदेशभर में भी उल्लासपूर्वक मनाया रहा है। जिलों में मंत्रियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने झंडारोहण किया। जिला मुख्यालयों पर आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में आमजन उल्लास के साथ शामिल हुए। कई जगहों पर सुबह से बारिश के बीच भी लोगों का राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य चरम पर देखा गया। लोगों ने घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराया और देशभक्ति की भावना प्रदर्शित की। कुछ जगहों पर आज भी तिरंगा रैलियां निकाली गई।

....

राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर तथा पूर्वी राजस्थान में कई स्थानों पर मेघगर्जन के साथ बारिश की गतिविधियां बनी रहीं। दौसा, सीकर, नागौर तथा जोधपुर जिले में कहीं कहीं भारी वर्षा एवं जयपुर जिले में कहीं कहीं अति भारी वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 15 सेंटीमीटर बारिश जयपुर तहसील में हुई।

विभाग के अनुसार उत्तर–पूर्वी राजस्थान के ऊपर आज भी परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। इसके प्रभाव से अगले 48 घंटों के दौरान जयपुर, अजमेर, कोटा और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में मध्यम से तेज बारिश होने तथा कहीं–कहीं भारी से अति भारी–भारी बारिश होने की संभावना है।

....